पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

## 'डेयरी कॉन्क्लेव–स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम' कार्यशाला का जनपद झांसी में आयोजन

## सरकार का लक्ष्य दुग्ध प्रसंस्करण, वैल्यू एडिशन, कोल्ड चेन और डेयरी उद्योग की पूरी वैल्यू चेन को मजबूत करना

## डेयरी उद्योग प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

## 'स्वदेशी उन्नत गोवंश, समृद्ध निवेश, सुरक्षित भविष्य एवं खुशहाल उत्तर प्रदेश' के संकल्प को जन आंदोलन बनाने का आह्वान

–श्री धर्मपाल सिंह

लखनऊः 11 सितम्बर, 2026

उत्तर प्रदेश में उन्नत स्वस्थ गोवंश को बढ़ावा देने तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए दुग्ध विकास विभाग द्वारा संचालित नन्द बाबा दुग्ध मिशन, दुग्ध प्रोत्साहन नीति – 2022 के प्रचार–प्रसार के लिए और प्रदेश के डेयरी सेक्टर में पूंजी निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में मण्डलवार 'डेयरी कॉन्क्लेव' स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम कार्यशालाओं के आयोजनों की श्रृंखला में मेरठ, आगरा एवं बरेली में सफल आयोजन के पश्चात आज दीन दयाल आडिटोरियम जनपद झांसी में 'डेयरी कॉन्क्लेव' – स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि झांसी, चित्रकूटधाम एवं कानपुर मण्डल कृषि, पशुपालन और डेयरी क्षेत्र की समृद्ध संभावनाओं वाले महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं, जो प्रदेश के डेयरी विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य दुग्ध उत्पादन के साथ–साथ दुग्ध प्रसंस्करण, वैल्यू एडिशन, कोल्ड चेन और डेयरी उद्योग की पूरी वैल्यू चेन को मजबूत करना है, जिससे किसानों की आय बढ़े और महिलाओं व युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित हों। उन्होंने विश्वास जताया कि झांसी, चित्रकूटधाम मण्डल एवं कानपुर मण्डल प्रदेश के प्रमुख डेयरी हब बनकर उत्तर प्रदेश की 'वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने 'स्वदेशी उन्नत गोवंश, समृद्ध निवेश, सुरक्षित भविष्य एवं खुशहाल उत्तर प्रदेश' के संकल्प को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर दुग्ध आयुक्त श्रीमती धनलक्ष्मी के० ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। राज्य सरकार द्वारा किसानों को सुनिश्चित बाजार, पारदर्शी मूल्य निर्धारण एवं स्थायी आय उपलब्ध कराने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। नंद बाबा दुग्ध मिशन एवं दुग्ध नीति–2022 के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादन, आधुनिक डेयरी विकास तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त दूध एवं दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

नंद बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत अब तक झांसी, चित्रकूट धाम एवं कानपुर मंडल में लगभग 1200 लाभार्थियों को डी0बी0टी0 के माध्यम से 1100 लाख रूपया से अधिक के अनुदान की धनराशि उपलब्ध कराई जा चुकी है। दुग्ध नीति के अन्तर्गत अब तक झांसी, चित्रकूट धाम एवं कानपुर मंडल में विभिन्न परियोजनाओं को 1350 लाख रूपया की अनुदान धनराशि अवमुक्त की गई है। दुग्ध विकास विभाग में 28 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं इनमें से इन मण्डलों के कुल 190 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए हैं, जिसमें झांसी मण्डल के 15 करोड़, चित्रकूट धाम मण्डल के 04 करोड़ एवं कानपुर मण्डल के 171 करोड़ के निवेश प्रस्ताव हुए हैं।

इस कार्यक्रम में नंद बाबा दुग्ध मिशन के विभिन्न लाभार्थियों द्वारा अपनी सफलता की गाथा के साथ–साथ वेटनरी कॉलेज, आर0एल0बी0सी0यू0 झांसी, बांदा कृषि विश्वविद्यालय, कान्हा गौशाला आदि विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतिकरण किया गया।

कार्यक्रम में विभागीय स्टॉल के साथ–साथ पराग, बलिनी, सामर्थ्य, स्टेलर इण्डिया, अप्रा डेयरी, नमस्ते इंडिया, भोले बाबा तथा इण्डियन बैंक आदि सहित विभिन्न निजी एवं सहकारी संस्थाओं द्वारा स्टॉल लगाकर उत्पादों, तकनीकों एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर विशेष काउण्टर लगाकर विभिन्न जनपदों की कुल 22 प्रारम्भिक बहुउद्देशीय दुग्ध सहकारी समितियों के निबन्धनोपरान्त उनके प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

आयोजन में विभाग की ओर से श्री अरविन्द कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक, श्री ए0पी0सिंह, मुख्य दुग्धशाला विकास अधिकारी, श्री इन्द्रभूषण सिंह, दुग्धशाला विकास अधिकारी, श्री आशीष कुमार श्रीवास्तव, दुग्धशाला विकास अधिकारी, श्री राजेश कुमार, दुग्धशाला विकास अधिकारी, श्री बी0पी0 सिंह, दुग्धशाला विकास अधिकारी, श्री नत्थू सिंह, दुग्धशाला विकास अधिकारी, श्री अखिलेन्द्र मिश्रा, दुग्धशाला विकास अधिकारी, श्री विकास बालियान, श्री संतोष दिवाकर, डा0 सत्येन्द्र सिंह, श्री सतीष कुमार, आदि के द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

---

**सम्पर्क सूत्र– निधि वर्मा**

राघवेन्द्र / 05:40 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in